भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2938**
18 मार्च, 2025 को उत्तरार्थ

**विषय: राजस्थान में पीएमएफबीवाई का लाभ प्राप्त करने वाले किसान**
**2938. श्री बृजेन्द्र सिंह ओलाः**
क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या राजस्थान राज्य में किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) का उचित लाभ नहीं मिल रहा है;
(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार उन कारणों को दूर करने के लिए क्या प्रयास कर रही है;
(ग) चालू वर्ष सहित पिछले पांच वर्षों के दौरान झुंझुनू जिले सहित राजस्थान में कितने किसानों ने अपनी फसलों को फसल बीमा के अंतर्गत कवर किया है और बीमा का दावा करने वाले किसानों की संख्या सहित पिछले पांच वर्षों के दौरान दावों के संबंध में मुआवजा प्राप्त करने वाले किसानों की संख्या का जिलावार ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या यह सच है कि कम्पनियां किसानों द्वारा किए गए बीमा दावों के दौरान अनियमितताओं में लिप्त रहती हैं, जिसके कारण किसान अपने दावों से वंचित रह जाते हैं; और
(ड.) यदि हां, तो ऐसे कितने मामले सरकार के संज्ञान में हैं और कितने मामलों पर कार्रवाई की गई है?

**उत्तर**
**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क) से (ग): जी नहीं। राजस्थान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस) को कार्यान्वित करने वाले प्रमुख राज्यों में से एक है। वर्ष 2016-17 में योजना की शुरुआत से लेकर 2023-24 तक राजस्थान में 812 लाख हेक्टेयर बीमित क्षेत्र के लिए 1558 लाख किसानआवेदनों को 28732 करोड़ रुपये की बीमित राशि के लिए बीमित  किया गया है। इस अवधि के दौरान योजना के तहत 433 लाख किसान आवेदनों को 5825 करोड़ रुपये के किसान प्रीमियम के विरुद्ध 28966 करोड़ रुपये के दावों का भुगतान किया गया है।

वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक नामित किसान आवेदनों की संख्या और दावों का भुगतान किए गए किसान आवेदनों की संख्या का जिलावार विवरण क्रमशः **अनुबंध-I और II** में दिया गया है।

(घ) एवं (ङ): स्वीकार्य दावों की गणना के लिए फसल उपज/फसल नुकसान के आकलन से संबंधित सभी प्रमुख कार्य संबंधित राज्य सरकार या राज्य सरकार के अधिकारियों की संयुक्त समिति और संबंधित बीमा कंपनी द्वारा किए जा रहे हैं। हालांकि, देश में पीएमएफबीवाई के कार्यान्वयन के दौरान, बीमा कंपनियों के खिलाफ दावों का भुगतान न करने और देरी से भुगतान करने; बैंकों द्वारा बीमा प्रस्तावों को गलत/देरी से प्रस्तुत करने के कारण दावों का कम भुगतान; उपज के आंकड़ों में विसंगति और इसके परिणामस्वरूप राज्य सरकार और बीमा कंपनियों के

बीच विवाद, राज्य सरकार के हिस्से का फंड देने में देरी, बीमा कंपनियों द्वारा पर्याप्त कर्मियों की तैनाती न करना आदि के बारे में विगत में शिकायतें प्राप्त हुई हैं। अधिकतर शिकायतों का उचित समाधान किया गया है।

चूंकि यह योजना राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित की जाती है, इसलिए बीमित किसानों के दावों से संबंधित शिकायतों सहित परिवादों/शिकायतों को हल करने के लिए, इस योजना के संशोधित प्रचालन दिशा-निर्देशों में स्तरीकृत (स्ट्रेटिफाइड) शिकायत निवारण तंत्र नामतः जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति (डीजीआरसी), राज्य स्तरीय शिकायत निवारण समिति (एसजीआरसी) का प्रावधान किया गया है। इन समितियों को परिवादों/शिकायतों की सुनवाई करने और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उनका निपटान करने के लिए प्रचालन दिशा-निर्देशों में उल्लिखित विस्तृत अधिदेश दिए गए हैं।

शिकायत निवारण तंत्र को और बेहतर बनाने के लिए जनवरी, 2024 में, कृषि रक्षक पोर्टल और हेल्पलाइन (केआरपीएच) विकसित और लॉन्च किए गए हैं। एक सिंगल अखिल भारतीय टोल फ्री नंबर 14447 शुरू किया गया है और इसे बीमा कंपनियों के डेटाबेस से जोड़ा गया है, जहाँ किसान अपनी शिकायतें/मुद्दे उठा सकते हैं। इन शिकायतों/मुद्दों को हल करने की समय सीमा भी तय की गई है। इससे केंद्र और राज्य सरकारों को एकीकृत मंच पर स्टेकहोल्डरों की शिकायतों की निगरानी करने में मदद मिली है।

**अनुबंध-I**

| राजस्थान - पीएमएफबीवाई और आरडब्ल्यूबीसीआईएस संयुक्त के तहत वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक नामांकित किसान आवेदनों की संख्या का जिलावार विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **ज़िला** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** |
| अजमेर | 316,507 | 1,054,042 | 1,277,895 | 1,308,417 |
| अलवर | 458,682 | 1,111,976 | 1,121,163 | 960,311 |
| बांसवाड़ा | 159,519 | 806,666 | 795,404 | 605,170 |
| बारां | 148,163 | 502,918 | 519,423 | 583,099 |
| बाड़मेर | 725,079 | 1,183,552 | 1,577,482 | 1,819,718 |
| भरतपुर | 229,746 | 2,226,148 | 2,795,040 | 2,958,648 |
| भीलवाड़ा | 452,382 | 1,341,198 | 1,465,171 | 1,308,741 |
| बीकानेर | 389,452 | 1,380,330 | 1,788,136 | 1,593,579 |
| बूंदी | 241,370 | 930,756 | 898,356 | 775,545 |
| चित्तौड़गढ़ | 494,090 | 1,171,695 | 1,376,802 | 1,322,009 |
| चुरू | 640,298 | 1,626,321 | 1,838,974 | 2,030,169 |
| दौसा | 149,263 | 469,768 | 365,408 | 377,746 |
| धौलपुर | 20,177 | 138,462 | 161,988 | 143,191 |
| डूंगरपुर | 87,035 | 697,754 | 641,614 | 654,989 |
| हनुमानगढ़ | 521,417 | 4,143,597 | 5,129,217 | 5,522,510 |
| जयपुर | 639,833 | 2,023,033 | 2,486,777 | 2,589,566 |
| जैसलमेर | 184,093 | 255,252 | 296,927 | 281,958 |
| जालौर | 545,544 | 1,193,589 | 1,337,494 | 1,337,294 |
| झालावाड़ | 376,062 | 1,324,636 | 1,420,365 | 1,440,228 |
| झुंझुनू | 427,350 | 1,122,823 | 1,154,028 | 1,247,067 |
| जोधपुर | 588,582 | 725,533 | 918,231 | 797,480 |
| करौली | 79,413 | 214,511 | 229,793 | 223,561 |
| कोटा | 268,037 | 587,537 | 628,683 | 560,981 |
| नागौर | 521,026 | 717,790 | 801,316 | 780,478 |
| पाली | 246,246 | 461,268 | 554,882 | 479,216 |
| प्रतापगढ़ | 163,955 | 455,838 | 470,386 | 483,507 |
| राजसमंद | 69,238 | 198,613 | 194,609 | 198,315 |
| सवाई माधोपुर | 222,789 | 682,603 | 664,267 | 634,431 |
| सीकर | 470,103 | 1,015,313 | 1,057,340 | 1,103,647 |
| सिरोही | 61,471 | 78,587 | 117,763 | 109,593 |
| श्री गंगानगर | 400,581 | 3,042,513 | 3,318,450 | 3,121,809 |
| टोंक | 337,823 | 1,002,812 | 1,154,815 | 1,081,802 |
| उदयपुर | 124,261 | 583,303 | 538,489 | 557,076 |
| **कुल** | **10,759,591** | **34,470,735** | **39,096,690** | **38,991,851** |

***स्रोत: एनसीआईपी***

**अनुबंध- II**

| राजस्थान - पीएमएफबीवाई और आरडब्ल्यूबीसीआईएस संयुक्त के तहत 2020-21 से 2023-24 तक दावे प्राप्त करने वाले किसान आवेदनों की जिलावार संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **जिले का नाम** | **2020** | **2021** | **2022** | **2023** |
| अजमेर | 42,526 | 265,116 | 391,954 | 457,295 |
| अलवर | 17,144 | 19,329 | 161,997 | 11,026 |
| बांसवाड़ा | 5,206 | 76,149 | 74,051 | 55,158 |
| बारां | 45,922 | 227,443 | 71,125 | 26,708 |
| बाड़मेर | 153,025 | 925,680 | 270,963 | 719,065 |
| भरतपुर | 7,536 | 174,167 | 645,415 | 68,516 |
| भीलवाड़ा | 111,836 | 408,741 | 363,844 | 365,486 |
| बीकानेर | 238,069 | 860,390 | 246,130 | 202,810 |
| बूंदी | 89,097 | 338,295 | 216,038 | 47,148 |
| चित्तौड़गढ़ | 63,930 | 311,083 | 346,270 | 398,972 |
| चुरू | 335,040 | 680,796 | 952,387 | 168,932 |
| दौसा | 13,735 | 665 | 24,330 | 17,008 |
| धौलपुर | 72 | 9,274 | 5,128 | 1,354 |
| डूंगरपुर | 16,089 | 106,614 | 211,243 | 61,013 |
| हनुमानगढ़ | 298,937 | 2,387,790 | 2,494,316 | 789,930 |
| जयपुर | 58,256 | 222,068 | 430,084 | 628,951 |
| जैसलमेर | 71,193 | 57,551 | 46,086 | 47,560 |
| जालौर | 147,252 | 872,692 | 461,042 | 216,945 |
| झालावाड़ | 158,084 | 629,233 | 407,534 | 84,697 |
| झुंझुनू | 105,696 | 536,277 | 532,942 | 203,474 |
| जोधपुर | 90,330 | 404,452 | 244,263 | 330,197 |
| करौली | 4,305 | 18,458 | 10,458 | 1,197 |
| कोटा | 18,391 | 179,836 | 110,811 | 14,261 |
| नागौर | 77,607 | 287,328 | 212,023 | 229,000 |
| पाली | 40,784 | 229,030 | 53,359 | 144,018 |
| प्रतापगढ़ | 34,004 | 101,021 | 98,430 | 91,309 |
| राजसमंद | 6,828 | 2,754 | 23,478 | 8,353 |
| सवाई माधोपुर | 17,755 | 87,308 | 130,109 | 110,467 |
| सीकर | 60,692 | 167,315 | 520,770 | 328,979 |
| सिरोही | 3,529 | 34,011 | 4,430 | 13,963 |
| श्री गंगानगर | 102,531 | 1,248,941 | 823,497 | 563,866 |
| टोंक | 66,071 | 134,795 | 373,528 | 37,873 |
| उदयपुर | 32,596 | 226,757 | 247,325 | 37,893 |
| **कुल** | **2,534,068** | **12,231,357** | **11,205,360** | **6,483,424** |

***स्रोत: एनसीआईपी***

******